Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **ए.सी.बी. प्रतापगढ़ द्वारा चित्तौडगढ़ में कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री राजेश मीणा गिरदावर (राजस्व निरीक्षक) शम्भूपुरा तहसील चित्तौडगढ जिला चित्तौडगढ़ के लिए 55,000/- रूपये रिश्वत लेते दलाल दिनेश वैष्णव (प्राईवेट व्यक्ति) रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 14 अप्रेल, सोमवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी प्रतापगढ़ द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री राजेश मीणा गिरदावर (राजस्व निरीक्षक) शम्भूपुरा तहसील चित्तौडगढ़ जिला चित्तौडगढ़ के लिए 55,000/- **रूपये** रिश्वत राशि लेते दलाल दिनेश वैष्णव (प्राईवेट व्यक्ति) को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी प्रतापगढ़ को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की ग्राम पंचायत शम्भूपुरा में 02 आराजी भूमि के कन्वर्जन की एवज में 95 हजार रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा हैं। जिस पर दिनांक 08.04.2025 को रिश्वत राशि मांग सत्यापन कराया गया। जिसमें आरोपी श्री राजेश मीणा गिरदावर (राजस्व निरीक्षक) शम्भूपुरा तहसील चित्तौडगढ के लिए दलाल दिनेश वैष्णव (प्राईवेट व्यक्ति) द्वारा सत्यापन के दौरान परिवादी से 40,000/- रूपये रिश्वत राशि ग्रहण की गई एवं शेष रिश्वत राशि 55,000 आज दिनांक 14.04.2025 को लेना तय हुआ।

जिस पर एसीबी रेंज उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरविजन में एसीबी चौकी प्रतापगढ़ के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह** के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री राजेश मीणा गिरदावर (राजस्व निरीक्षक) शम्भूपुरा तहसील चित्तौडगढ़ जिला चित्तौडगढ़ के लिए उसके दलाल दिनेश वैष्णव (प्राईवेट व्यक्ति) को 55,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी श्री राजेश मीणा गिरदावर (राजस्व निरीक्षक) शम्भूपुरा तहसील चित्तौडगढ़ चित्तौडगढ़ को कार्यवाही की भनक मिलते ही फरार हो गया जिसकी तलाश जारी हैं।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।